**Regarding need to introduce a direct flight service between Silchar and New Delhi- laid**

**श्री परिमल शुक्लबैद्य (सिल्चर) :** मैं नागरिक विमानन मंत्रालय का ध्यान एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ। असम के बराक घाटी क्षेत्र का प्रमुख नगर सिलचर आज भी देश की राजधानी नई दिल्ली से सीधी हवाई सेवा से वंचित है। वर्तमान में यात्रियों को कोलकाता या गुवाहाटी के माध्यम से लंबी और समय-खपत वाली कनेक्टिंग फ्लाइट्स का सहारा लेना पड़ता है, जिससे यात्रा का कुल समय पाँच घंटे से अधिक हो जाता है। इससे यात्रियों को समय, धन और मानसिक कष्ट का सामना करना पड़ता है। सिलचर न केवल असम, बल्कि मिजोरम, त्रिपुरा और मेघालय जैसे अन्य उत्तर-पूर्वी राज्यों के लिए एक रणनीतिक और भौगोलिक दृष्टि से केंद्रीय स्थान है। यहाँ से दिल्ली की ओर छात्रों, मरीजों, व्यापारियों, सरकारी कर्मचारियों और आम नागरिकों की भारी आवाजाही होती है। सीधी उड़ान सेवा आरंभ होने से क्षेत्रीय संपर्क को बढ़ावा मिलेगा, पर्यटन और व्यापार को गति मिलेगी, तथा ?उड़ान योजना? के तहत आमजन के लिए किफायती और सुलभ हवाई सेवा सुनिश्चित हो सकेगी। अतः मैं सरकार से अनुरोध करता हूँ कि सिलचर से नई दिल्ली के लिए शीघ्र सीधी विमान सेवा प्रारंभ की जाए।